# थाना टीटी नगर भोपाल
# प्रेस नोट

**01- थाना टी टी नगर पुलिस द्वारा किया बिजली तार चोरी का खुलासा**

**02- आरोपियों से लगभग कुल 02 क्विटंल एल्युमिनियम तार जप्त किया**

**03- कुल 50 हजार रूपये का मशरुका किया जप्त**

सम्पति संबंधी अपराधो पर नियंत्रण रखने एवं मुखबिर तंत्र विकसित कर शत प्रतिशत बरामदगी करने हेतु श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय भोपाल शहर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 1, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 1 के आदेशानुसार श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त महोदय संभाग टीटी नगर भोपाल के निर्देशित किया गया है।

**घटना का विवरणः**- दिनांक 05.10.25 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो लड़के सेकेण्ड स्टाप के पास इमरान कबाड़ी की दुकान पर चोरी का माल बेचने की फिराक में घूम रहे है कि तस्दीक पर हमराह स्टाफ को लेकर इमरान कबाडी की दुकान के पास पहुंचे जो छिपकर देखा दो लड़के गाड़ी पर बोरी में कुछ समान लिये खड़े थे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा नाम पता पूछा तो अपना नाम आयुष वर्मा पिता छोटेलाल वर्मा उम्र 25 साल निवासी झुग्गी नं. 362 ब्लॉक नं.98 के सामने 1250 अस्पताल के पास थाना हबीबगंज भोपाल एवं संदीप सोंधिया पिता संतोष कुमार सोंधिया उम्र 25 साल निवासी ग्राम मेंडोरी थाना रातीबड भोपाल स्थाई पता ग्राम करियाझर थाना रामपुर नेरिन जिला सिधी का होना बताया जिनके पास रखी बोरी को खोलकर देखने पर अन्दर बिजली वाला एल्युमिनियम का तार होना पाया गया जो संदेहियों से उक्त सामान के संबंध में वैध दस्तावेज चाहे गये जो इधर-उधर की बात करने लगा। जिनसे सख्ती से पूछताछ किया जिन्होने अपना जूर्म स्वीकार किया और बताया कि दिनांक 02.10.25 को रात्रि मे मैं और संदीप दोनो ने मेरी गाडी मोपेड MP 04 SL 9934 से ग्राम बिल्किसगंज थाना झागरिया जिला सीहोर से बिजली का तार चोरी करना बताया। जिन पर थाना टीटी नगर में इस्तगासा क्र 04/25 धारा 35(1)(5) बीएनएसएस / 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया । तथा उनके द्वारा चोरी किया गया लगभग 2 क्विटंल बिजली वाला एल्युमिनियम का तार एवं गाडी मोपेड MP 04 SL 9934 जप्त किया ।

**बरामद कुल कीमती मालः**- कुल मशरुका लगभग 50,000/- रूपये

**नाम आरोपीगणः**-**01**- आयुष वर्मा पिता छोटेलाल वर्मा उम्र 25 साल निवासी झुग्गी नं. 362 ब्लॉक नं.98 के सामने 1250 अस्पताल के पास थाना हबीबगंज भोपाल

**02.** संदीप सोंधिया पिता संतोष कुमार सोंधिया उम्र 25 साल निवासी ग्राम मेंडोरी थाना रातीबड भोपाल स्थाई पता ग्राम करियाझर थाना रामपुर नेरिन जिला सिधी

**सराहनीय भूमिकाः**-थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह दोहर, प्रआर ऋषिकेश राय, प्रआर शिशुपाल सैनी, प्रआर अनंत सोमवंशी, प्रआर रविन्द्र पाल, प्रआर सुजीत पटेल, आर अरविन्द यादव, आर कपिल कौशिक आर अविनाश भारती आर धर्मबीर सिंह, आर जालम सिंह, आर गोविन्द प्रजापति, आर पुष्पेन्द्र भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही।